तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 मई 2025

4 पुलिस को मदद करने वाले आम लोग होंगे सम्मानित





# शिक्षा विभाग के दफ्तर में भ्रष्टाचार की 'भेंट' लेता बाबू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माध्यमिक विद्यालय के एक दैनिक वेतनभोगी भृत्य का तीन साल से अटका हुआ वेतन भुगतान करने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने वाले हेड क्लर्क को बिलासपुर की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- भृत्य की शिकायत पर एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत हेड क्लर्क एमएस फारुखी ने खरसिया क्षेत्र स्थित हालाहुली माध्यमिक शाला में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी भृत्य उसुराम केंवट के साल 2014 से 2017 तक के रूके हुए वेतन का भुगतान करने एवज में पहले 20 हजार रुपए देने की बात कही। किंतु उसुराम ने इतनी राशि देने में असमर्थता व्यक्त की, क्लर्क ने 15 हजार रुपए देने को कहा। बताया जा रहा है कि उसुराम ने पहले ही 5 हजार रुपए क्लर्क को दे दिए थे। किंतु इसके बाद भी क्लर्क ने वेतन का भुगतान नहीं किया। ऐसे में इससे परेशान होकर दूसरी किश्त देने से पहले उसने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत कर दी। जिसके बाद सोमवार को दूसरी किस्त 10 हजार रुपए देते समय एसीबी ने हेड क्लर्क को रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहालए मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### काट रहा था चक्कर

बताया जा रहा है कि भृत्य काफी समय से अपने लंबित वेतन को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहा था।जबकि उसने लंबित वेतन को प्राप्त करने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी और इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को तत्काल वेतन जारी करने का आदेश भी जारी किया था। किंतु इसके बाद भी शिक्षा की ओर लापरवाही बरती जा रही थी। इसी बीच जब वेतन भुगतान करने का समय आया तो विभाग के हेड क्लर्क ने रिश्वत की मांग की मांग की। ऐसे में जैसे तैसे पैसों की व्यवस्था कर उसने 5 हजार रुपए भी हेड क्लर्क को दिए किंतु इसके बाद भी उसका लंबित वेतन नहीं मिल सका। इसी बात से तंग आकर उसने इसकी शिकायत बिलासपुर एसीबी को कर दी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### पुलिस से बहस, इंटक नेता शाहनवाज पहुंचा जेल

**रायगढ़।** एक मामले में शिकायत मिलने पर चक्रधर नगर पुलिस ने इंटक नेता शाहनवाज खान को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान शाहनवाज वहां नेतागिरी दिखाते हुए पुलिस से ही उलझ गया और बहसबाजी करने लगा। ऐसे में पुलिस ने उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाहनवाज खान का बोईरदादर क्षेत्र की एक शादीशुदा महिला से चक्कर चल रहा है। इसी वजह से उक्त परिवार में आए दिन विवाद हो रहा है। ऐसे में पीड़ित परिवार द्वारा चक्रधर नगर थाने में शाहनवाज के खिलाफ परिवार की शांति भंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। शिकायत मिलने पर रविवार को चक्रधर नगर पुलिस ने शहनवाज को थाने बुलाया था। थाना में शाहनवाज पुलिस से ही उलझ गया, जिससे पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी। इधर शाहनवाज के साथ कई कांग्रेसी नेता भी थाना पहुंचे थे, जिनके द्वारा उसे जमानत दिलाने के लिए एसडीएम से भी गुहार लगाई गई, लेकिन जमानत नहीं मिली और उसे जेल भेज दिया गया।



### राजस्व मंत्री वर्मा ने लिंक कोर्ट का किया लोकार्पण

**सरसीवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ 5 मई सुशासन तिहार में मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ का नगर पंचायत भटगांव में राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लिंक कोर्ट भटगांव सरसीवा का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत सदस्यगण, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, दुर्गेश केसरवानी, सुनील शर्मा, मनोज जायसवाल, अनुपमा केशरवानी कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल आदि उपस्थित थे।

### टीआरटी ब्लॉक के कारण टाटानगर-बिलासपुर रद्द

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के सीनी व कान्ड्रा सेक्शन के मध्य अधोसंरचना कार्य हेतु टीआरटी ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके कारण 6, 9, 13, 16 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस तथा 7, 10, 14, 17 मई को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द किया गया है।

### बरमकेला में हुई एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी मचा हड़कंप

# किसानों को पता ही नहीं और उनके नाम से करोड़ों का लोन उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



हरिभूमि लगातार

जिले में समितियों और किसानों को नकद व खाद के नाम पर वितरण किए गए लोन में लाखों की गड़बड़ी सामने आई है। जिस पर बरमकेला में एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी कार्रवाई का भय इस फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी व समितियों संबंधित कर्मचारियों को सताने लगा है।

- अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की बर्खास्तगी

इस संबंध में सूत्र बता रहे हैं कि इससे संबंधित लोगों ने वर्ष 2019.2023 तक इस फर्जीवाड़े को लगातार जारी रखा। जानकारी के अनुसार 10.20 रुपए के हलफनामे में कुछ लोगों ने झांखर कोटवारी व चौकीदार को आबंटित की गई भूमि को छिछोर उमरिया कोडपाली पुसौर छपोरा के संबंधित क्षेत्र के पटवारी व राजस्व निरीक्षकों की मिलीभगत से और इस हलफनामे के माध्यम से शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करवाया। पंजीयन करने के बाद इसका खाद बीज और केसीसी से मिलने के वाले लोन सहित सभी लाभ का फायदा हुआ। दरअसल जिस भूमि पर कभी खेती नहीं हुई वहां भी दस्तावेजों में धान की फसल लगा होना बताया गया। जिसके आधार पर ही उन्हें लोन अपेक्स बैंक और संबंधित समितियों से मिलता रहा। यानी सामान्य तौर पर समझें तो जो लोन वास्तविक किसानों को मिलना चाहिए था वह लोन इन हलफनामों में दर्ज फर्जी किसानों को मिलता रहा। जिस पर कुछ कमीशन समितियों सहित अपेक्स बैंक के अधिकारियों को भी जाने की जानकारी मिल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा खरसिया पुसौर और लैलूंगा में हुआ है।

### 6 साल तक चलता रहा फर्जीवाड़ा

इस मामले में जानकार बताते हैं कि किसानों को फर्जी लोन बांटने का काम संगठित गिरोह के द्वारा सफेदपोश नेताओं के इशारे पर जमकर किया गया। कांग्रेस की सरकार रहते हुए कुछ नेताओं ने वर्ष 2018 से लेकर 2023.24 तक धान खरीदी केंद्रों में बड़े ही संगठित तरीके से सत्ता का उपयोग कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। इस गिरोह ने अपने फायदे के लिए ऐसे लोगों को संबंधित समितियों में पदस्थ कराया जिनके माध्यम से वे इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे सकें। जिसके बाद इनकी सहायता से इस लोन फर्जीवाड़े का असली खेल शुरू हुआ। अहम बात यह है कि इसमें ओडिशा से लाए गए धान को भी खपाया गया।

### जांच के लिए बनी टीम लेकिन कार्रवाई नहीं

इस गबन में अपेक्स बैंक और सहकारी समितियों के बीच यह लेनदेन हुआ था और इसी लेनदेन में ही भारी अनियमितता उजागर हुई है। इस मामले में जांच करने के लिए 18 अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है। रायगढ के 7 और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के 2 विकासखंड में 2.2 अधिकारियों को जांच का जिम्मा दिया गया था। बता दें कि बरमकेला में एफआईआर दर्ज हुई है। किंतु रायगढ़ में अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### इस तरह आबंटित होता है लोन

दरअसल अपेक्स बैंक हर सीजन में समिति को एक निर्धारित राशि ऋण आबंटित करने के लिए देता है। इसके बाद किसानों को ऋण आबंटित करने का कार्य समिति प्रबंधक और ऑपरेटर करते हैं। यह ऋण नकद और खाद.बीज के रूप में आबंटित किया जाता है। ऋण के आबंटन के बाद एक निर्धारित अवधि में इसकी रिकव्हरी कर बैंक को लौटानी होती है। ऐसे में अपेक्स बैंक और समितियों के बीच का वित्तीय संतुलन बना रहता है। किंतु इसी प्रक्रिया के बीच फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपए का गबन किया गया। सूत्र बता रहे हैं कि समितियों ने किसानों को आबंटित ऋण की नकद वसूली करने के बाद राशि को अपेक्स बैंक के खाते में ही जमा नहीं की।

### इधर,अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की सख्त कार्रवाई

घोटाले मामले में पुलिसिया कार्रवाई के दूसरे दिन बैंक मुख्यालय द्वारा शाखा बरमकेला के डीएमआर खाते,केसीसी खाते का प्रारम्भिक जांच की गई। जिसमे शाखा बरमकेला के बैंक कर्मियों द्वारा डीएमआर खातों में नियम विपरीत एवं संदिग्ध ट्रान्जेक्शन तथा समितियों के केसीसी खातों को अनाधिकृत रूप से नामे कर आईएमपीएस ट्रांजेक्शन कर करते हुए प्रारम्भिक जांच में 59.97 लाख का गबन का प्रकरण पाया गया। बैंक मुख्यालय की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के आधार पर गबन में संलिप्त शाखा प्रबंधक डी.आर.बाघमारे, लेखा अधिकारी मीनाक्षी मांझी तथा लिपिक आशीष पटेल को अपेक्स बैंक मुख्यालय द्वारा निलंबित किया गया तथा विभागीय जांच बिठाई गई। उक्त बैंक कर्मियों द्वारा अपने निजी बैंक आईडी/पासवर्ड का दुरुपयोग करते हुए समिति तथा बैंक के राशि का सुनियोजित तरीके से अन्य 5 आउटसोर्सिंग स्टाफ के साथ मिलकर धोखाधड़ी की गई थी। इसके अलावा प्रारम्भिक जांच में संलिप्त शाखा बरमकेला में आउटसोर्सिंग 5 कर्मी- कम्पूटर आपरेटर लिकेश कुमार बैरागी, कम्प्यूटर आपरेटर रमाकांत श्रीवास, डंडा गार्ड अरुण चंद्राकर, डंडा गार्ड खीरदास महंत तथा डंडा गार्ड बालकृष्ण कर्ष को सेवा से बर्खास्त किया गया तथा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज किया गया।

### भूमि का चिन्हांकन कर किया फर्जीवाड़ा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम उन जमीनों की सूची तैयार की गई जो या तो सरकारी हैं या जिन पर सालों से खेती किसानी नहीं हो रही थी। ऐसी जमीनों की सूची तैयार कर खसरा बी1ए रकबा आदि में फर्जी नामों को चढ़ाया गया। अहम बात यह है कि उक्त जमीनें आज भी सरकारी है या खाली पड़ी है। इसमें अपेक्स बैंक के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### सरकार बदली और फेल हुई फर्जीवाड़े की योजना

जिनके नाम पर ऋण निकाला गया हैए उन्हें इसकी जानकारी भी नहीं थी। चुंकि इस फर्जीवाडे को अंजाम देने वाले पूर्व कांग्रेस सरकार के ही नुमाइंदे थे। ⏭ शेष पेज 2 पर



### अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बरघाट में एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा है। जिसके पास से 8 लीटर महुआ शराब जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दरअसल मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मेन रोड किनारे दबिश दी, जहां एक युवक अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बेचते मिला। पुलिस की अचानक कार्रवाई से खरीदार तितर-बितर हो गए जबकि आरोपी मुकेश चौहान ग्राम कुडुमकेला नवाडीह को मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब और शराब बिक्री की रकम 180 रुपए को जप्त किया है।

# तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया 44 मवेशी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 नग मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल के रास्ते मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते-पीटते ओडिशा के बूचड़खाने की ओर पैदल लेकर जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मडियाकछार मार्ग के समीप जंगल में घेराबंदी कर आरोपियों के आने का इंतजार करने लगी। तभी पुलिस को दो युवक बड़ी संख्या में मवेशियों को बेरहमी से हांकते हुए लाते मिले। इसके बाद पुलिस ने उन्हें रोक कर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम दिनेश राम सिदार (42) व ओमप्रकाश सिदार (20) दोनों निवासी सिंगीबहार, थाना तपकरा, जिला जशपुर बताया। आरोपियों के पास मवेशियों के खरीदी-बिक्री का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। दोनों आरोपियों ने मवेशियों को ओडिशा के बूचड़खाने ले जाने की बात कबूल किया है। ऐसे में पुलिस ने उनके पास 44 नग मवेशियों को मुक्त कराया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धाराओं 6, 10, 11, 12 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### नए कनेक्शन नहीं बढ़े फिर भी लोड अधिक, मेंटेनेंस में छूट रहे पसीने

# गर्मी ने बढ़ाया बिजली का 30 प्रतिशत लोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में लगातार बढ़ती गर्मी ने बिजली विभाग की परेशानी बढ़ा दी है। गर्मी की वजह से बिजली के लोड में 27 फ़ीसदी वृद्धि दर्ज की गई है। आलम यह है कि लोड बढ़ने की वजह से लगातार पावर कट की समस्या आ रही है। सिर्फ सिटी फीडर में ही हर दिन 60 से 65 फ्यूज कॉल दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि जिले में औसतन हर दिन कंप्लेंट की संख्या 200 से भी अधिक हो चुकी है। ऐसे में पावर कट से हलाकान हैं।

रायगढ़ में इस बार शुरुआती दौर से ही गर्मी अपने तीखे तेवर दिखा रही है। जिले का पारा 42 डिग्री पार चल रहा है। उस पर गर्मी की वजह से बिजली के लोड में भी अनायास बढ़ोतरी दर्जकी गई है। शहर में बिजली की खपत 22 मेगावाट से बढ़कर 32 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। जबकि जिले में 373 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। आम दिनों की तुलना में खपत का ये आंकड़ा 27 फीसदी अधिक है। आलम यह है कि लोड बढ़ने की वजह से लगातार पावर कट हो रहा है। सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही पिछले 10 दिनों से हर दिन 3 से 4 घंटे बिजली गुल हो रही है। इतना ही नहीं पावर ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें भी बढ़ी है। बिजली गुल होने से लोग परेशान है और आधी अधूरी तैयारी को लेकर विभाग को कोस रहे हैं। लोगों का कहना है कि सीएसईबी ने समय पर प्री मानसून मेंटेनेंस नहीं किया और अब भरी गर्मी मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल की जा रही है।

### मेंटेनेंस के लिए पॉवर कट

अधिकारी भी लोड बढ़ने की बाद स्वीकार कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बारिश के पहले ट्री कटिंग जरूरी है, ऐसे में मेंटेनेंस के लिए पावर कट किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है गर्मी में लोड बढ़ने की वजह से कंप्लेंट बढ़ी है लेकिन समय रहते निराकरण किया जा रहा है। आने वाले समय में पावर कट की समस्या नहीं होगी।

### आए दिन लग रही आग

ट्रांसफार्मर और केबल में आए दिन शॉर्ट सर्किट से आग लग रही हैए जिससे कंपनी को नुकसान होने के साथ.साथ गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो जाता है। क्योंकि कुछ देर बिजली गुल होने पर ही लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। बिजली कंपनी ने फीडर भी छोटे कर दिए हैं, जिससे पिछलों वर्षों की अपेक्षा फाल्ट कम हो रहे हैं।



5-May -RAIGARH-pg-2_Layout 1 5/5/2025 9:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### योग एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**जशपुरनगर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रातामाटी में सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम स्थल का श्रमदान करके साफ-सफाई किया गया। साथ ही योग एवं स्कूल के बच्चों द्वारा खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद पंचायत, सीईओ बीईओ एवं अन्य शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, सचिव व ग्राम वासियों उपस्थित थे। कार्यक्रम सफल बनाते हुए लोगों को योग एवं स्वछता के प्रति जागरूक किया गया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। जनदर्शन में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आवेदकों के राजस्व संबंधी मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार पट्टा, आजीविका, राशन कार्ड सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### 104 ग्रामों में निर्मित सेप्टिंक टैंक के सफाई का लक्ष्य निर्धारित

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद पंचायत के ग्राम गम्हरिया में मलीय गाद प्रबंधन (फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट) की स्थापना की गई है। जिसके अंतर्गत 104 ग्रामों में निर्मित सेप्टिंक टैंक वाले शौचालयों की भरने के उपरांत सफाई करने का लक्ष्य निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिस भी व्यक्ति का सेप्टिक टैंक भर जाता है उसे खाली करने हेतु अपने ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायत गम्हरिया के सरपंच सचिव से संपर्क स्थापित किया जाता है। ग्राम पंचायत गम्हरिया के द्वारा न्यून्तम दर में डिस्लज वाहन के माध्यम से सेप्टिक टैंक के मलीय किचड को फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट में लाकर प्रबंधन किया जाता है।

### युवक पर सब्बल से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

वाड्रफनगर। ग्रामीण पर लोहे के सब्बल से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम परसडीहा निवासी जयप्रकाश पटेल ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल की सुबह 7 से 8 बजे के बीच किसी काम से घर से निकला था। इस दौरान गांव के सुमंत मिश्र ने उसका रास्ता रोक लिया और उसकी बाइक को गिराने के साथ ही अपने हाथ में रखे सब्बल से उसपर हत्या करने की नियत से हमला किया। इस हमले में युवक के दोनों हाथ, घुटने में चोट आई है। जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा परसडीहा निवासी सुमंत मिश्र को ग्राम मोरन से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 155(2), 296, 126(2) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

## रूपनारायण पर कुनकुरी थाने में मामला दर्ज

# ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ भड़काऊ भाषण के आरोप में जेल में है बंद

जिले में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में एक बार फिर रूपनारायण एक्का का नाम सामने आया है। इस बार उस पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इस संबंध में कुनकुरी थाना में बीएनएस की धारा 299 और 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सोशल मीडिया पोस्ट ने भड़काया विवाद

मामले की शुरुआत तब हुई जब 13 अप्रैल 2025 को रूपनारायण एक्का ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की जिसमें ब्राह्मण समाज को लक्ष्य कर आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इस पोस्ट के वायरल होते ही स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया। इस पर प्रार्थी दीपक मिश्रा उम्र 54 वर्ष निवासी शंकर नगर कुनकुरी और अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज कुनकुरी ने थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि यह पोस्ट ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है और इससे पूरे हिंदू समाज में गहरा आक्रोश उत्पन्न हुआ है।

### पुलिस का सख्त रुख

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि समाज में अशांति फैलाने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने या भड़काऊ गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने भी संबंधित थानों को सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

### पुलिस कर रही कड़ी निगरानी

इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष निगरानी रख रही है ताकि ऐसे किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट को तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री को साझा करने से बचें, और यदि ऐसी कोई गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### थाने में मामला दर्ज

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाना) और 353(2) (सार्वजनिक शांति भंग करने की मंशा से की गई अभिव्यक्ति) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### पहले से दर्ज है चार आपराधिक प्रकरण

जांच में यह भी सामने आया है कि रूपनारायण एक्का के खिलाफ पूर्व में भी चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिनमें कुछ सामाजिक विद्वेष और भड़काऊ भाषणों से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी वे कई बार पुलिस की निगरानी में आ चुका हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने के बाद हुई गिरफ्तारी

30 अप्रैल 2025 को रूपनारायण एक्का ने थाना पत्थलगांव क्षेत्र के ग्राम तिरसोंठ में सर्वे के दौरान अधिकारियों से बहस करते हुए कहा था कि यहां पर कलेक्टर का आदेश नहीं चलता है और राज्य सरकार व केन्द्र सरकार का कानून नहीं चलने देंगें, यहां सिर्फ हमारा कानून चलता है। हमलोग तुम लोगों को नोटिस देकर आदिवासी पंचायत में बुलाएंगें और कांजी हाउस में बंद कर देंगें कहते हुए हुज्जतबाजी कर हाथापाई की थी। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। वहां शासकीय कार्य में बाधा डालने का भी आरोप उन पर लगा। इस पर बीएनएस की धारा 121(1), 132, 221 और 223 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



कार्यक्रम में उपस्थित कौशल्या साय व एसएसपी।

# लोभ से बचें, ठगी से बचेंगे : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ साइबर योद्धा निकले जागरूकता के मिशन पर मानव तस्करी पर बनी फिल्म 'कजरी' ने झकझोरा, पुलिस ने गांव-गांव जाने का लिया संकल्प

यूनिसेफ और पुलिस के साझा प्रयास से साइबर अपराध, मानव तस्करी और महिला सुरक्षा को लेकर एक बड़ा जागरूकता अभियान सोमवार को शुरू किया गया। कांसाबेल के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय मुख्य अतिथि रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

### कौशल्या साय ने कहा लोभ और लालच से बचें

अपने संबोधन में श्रीमती कौशल्या साय ने कहा, पुलिस जब चालान करती है तो आपकी सुरक्षा के लिए करती है। साइबर अपराध से बचना है तो लालच और लोभ से दूर रहना होगा। उन्होंने शिक्षा पर भी जोर दिया और कहा कि पढ़ाई ही जीवन को बेहतर बना सकती है।

### साइबर योद्धा गांव-गांव जाकर करेंगे जागरूक

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यूनिसेफ के सहयोग से तैयार किए गए सायबर योद्धा जिले के कोने-कोने में जाकर लोगों को साइबर ठगी, महिला सुरक्षा और मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक करेंगे।

### 'कजरी' फिल्म ने दर्शकों को भावुक किया

मानव तस्करी पर बनी लघु फिल्म 'कजरी द बैटल फॉर फ्रीडम' का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को झकझोर दिया। कार्यक्रम में सजग समाज-सुरक्षित भविष्य नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### गीत और नाटक ने बांधा समां

कार्यक्रम में बगीचा के कलाकारों ने सड़क सुरक्षा और मानव तस्करी पर गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रगतिशील कृषकों की ली बैठक



प्रगतिशील कृषकों की बैठक लेते सीईओ।

■ फसलों का उत्पादन बढ़ाने के साथ आय वृद्धि पर की गई कृषकों से चर्चा

**जशपुर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के उन्नतशील कृषकों के साथ परिचर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। जिसमें प्रगतिशील कृषकों को कृषि एवं उद्यान विभाग की ओर से संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों को इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने कृषकों से धान के बदले अन्य लाभदायक फसलों एवं उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय कृषि बागवानी मिशन अंतर्गत हाईटेक नर्सरी, शेडनेट, कोल्ड स्टोरेज इत्यादि की जानकारी देते हुए उन्हें अपना कर आय में वृद्धि के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों द्वारा योजना के लाभ लेने हेतु आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की। जिला पंचायत सीईओ ने जिले में कृषकों को आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस परिचर्चा कार्यक्रम में कृषकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी कृषि के संबंध में विभिन्न जानकारियां साझा की।

### आटो की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मधुवन टोली निवासी सिकन्दर राम आ. स्व. कृष्णा राम (26 वर्ष) गत दिन गांव के ही बोलेराम के साथ बाइक से नारायणपुर जाने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम घोलेण्ड मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी शौच के लिए रुके। युवक सड़क किनारे बाइक खड़ी कर शौच करने जाने लगा तभी सामने से आ रहे ऑटो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बोलेराम ने घायल के परिजन को जानकारी दी। परिजन घायल को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।



# घर में काम करने वाले नौकर ने 5 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ सूरजपुर जिले की घटना, आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर जिले से एक चौकाने वाली घटना सामने आई है जिसमे घर में रहकर नौकर का काम करने वाले युवक ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना भटगांव थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घटना के बाद बच्ची के परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि उदयपुर अंतर्गत ग्राम रिखी निवासी 35 वर्षीय रामकुमार आयाम भटगांव थाना क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार के घर नौकर का काम करता था। आरोपी युवक 5 साल की मासूम बच्ची को खेलते हुए घर के दूसरे कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी घर से फरार हो गया था। इधर घटना के बाद रोती बिलखती बच्ची से उसकी मां ने पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन द्वारा घटना की शिकायत भटगांव पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 65(2) और पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने बताया कि घटना के मामले में फरार आरोपी राम कुमार आयाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

# राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना सुखसागर आर्थिक रूप से हुआ मजबूत

■ योजना से 70 हजार के अनुदान का लाभ लेकर उन्नत नस्ल की जर्सी एवं साहीवाल क्रास गाय खरीदा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के गौव पालकों को विभागीय योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के सुखसागर यादव को राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार योजना का लाभ दिया गया है।

बगीचा विकासखण्ड के पशुधन विकास विभाग द्वारा हितग्राही सुखसागर यादव को राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से 70 हजार के अनुदान का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। हितग्राही सामान्य किसान है, इनका रोजगार का कार्य खेती था। योजना का लाभ लेने के पूर्व हितग्राही के पास एक देसी गाय थी।



गाय के साथ सुखसागर।

पशुपालन से कोई अतिरिक्त आय नहीं होती थी। पशुधन विकास विभाग से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास अन्तर्गत हितग्राही द्वारा शासकीय योजना का लाभ लेकर एक उन्नत नस्ल की जर्सी गाय और एक साहीवाल क्रास गाय खरीदा।

वर्तमान में कुल 16-18 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है। जिसके विक्रय से हितग्राही को राशि रूपए 25000-30000 रूपये मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है। साथ ही राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम नस्ल सुधार योजना द्वारा कृत्रिम गर्भाधान का लाभ लिया जाता है। जिससे वर्तमान में उन्नत नस्ल की बछिया एवं बाछा उत्पन्न हुई है। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ लेने के पश्चात हितग्राही के आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। विभाग द्वारा समस्त गाय का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। कृमिनाशक दवाईयां एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया जाता है। आवश्यकतानुसार तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है।

### तेज आंधी से बाइक समेत सड़क किनारे गिरा युवक, गई जान

**अम्बिकापुर।** चाचा के यहां शादी में पत्नी व मां को छोड़कर घर लौट रहा युवक तेज आंधी से रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लदकुड निवासी मुकेश नगेसिया आ. मोहन साय (25 वर्ष) पिछले माह 29 अप्रैल को जशपुर क्षेत्र के ग्राम दमगरी निवासी चाचा की लड़की की शादी होने पर पत्नी प्रमिला व मां बुद्धेश्वरी को बाइक से पहुंचाने गया था। मां व पत्नी को चाचा के यहां छोड़कर अकेले बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम जाकरिम के समीप पहुंचा तभी तेज आंधी आने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे शरीर में अंदरूनी चोट लगने से घायल हो गया।

# शिकायत के बाद जमीन वापस मिली लेकिन दबंग शिक्षक पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



■ कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, शिक्षक ने कोरवा ग्रामीणों की जमीन पर बेचा लाखों का धान

शिकायत के बाद कोरवा ग्रामीण के जमीन को भूमाफिया के कब्जे से मुक्त कराकर वापस तो दिला दिया गया लेकिन अब तक इस मामले में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सबसे बड़ी बात तो यह है कि भूमाफिया द्वारा कोरवा ग्रामीणों के संयुक्त खाते की भूमि पर लाखों रूपए का धान बेचा गया जिससे ग्रामीणों को ख़ासा नुकसान उठाना पड़ा। मानसिक और आर्थिक क्षति पाने वाले ग्रामीण अब न्याय की गुहार लगा रहे है लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम खैराडीह निवासी शिवबरत आ. लखन साय कोरवा, रामब्रत आ. लखनसाय कोरवा, बनेश्वर आ. हरिहर कोरवा व कालेश्वर आ. बाबुराम कोरवा ने बताया कि उन्हें संयुक्त खाते की भूमि ग्राम खैराडीह में कुल खसरा नम्बर 22, कुल रकबा 10.464 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि पेशे शे शिक्षक ग्राम बचवार निवासी बिहारी लाल आ. धीदु उरांव द्वारा उनकी भूमि में से खसरा नम्बर 137, 231/2, 236, 284, 286, 309/1, 317/2, 329/2, 347/1, 356, 356/2, 368, 452 रकबा कमशः 0.344, 0.143, 0.219 0.486, 0.348, 0.308 0.486 0.134 0.051, 0.372 0.141, 0.648 0.632 कुल खनं 13 कुल रकबा 4.312 हेक्टेयर भूमि को अवैध तरीके से अपने नाम पर दर्ज करा लिया था। इस मामले की शिकायत जब उन्होंने कलेक्टर से की तो मामले में जांच के बाद उक्त जमीन को यह कहकर वापस कर दिया गया कि त्रुटिवश जमीन शिक्षक के नाम पर दर्ज हो गई थी जबकि इस मामले में शिक्षक के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई होनी चाहिए थी। इसके साथ ही इन वर्षों में दबंग शिक्षक द्वारा अपने नाम से सोसायटी में लाखों रूपए का धान बेचा गया जिसपर उन ग्रामीणों का हक था। इसके साथ ही शिक्षक द्वारा भोले भाले कोरवा ग्रामीणों पर लगातार दबाव बनाया गया और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया जिसे तंग आकर कोरवा ग्रामीण धनेश्वर आ. बाबुराम ने आत्म हत्या आकर ली थी।

## कलेक्टर ने ली जलजीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक

# समय-सीमा का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों, अभियंता और जलजीवन मिशन के कार्यों से जुड़े ठेकेदारों की बैठक लेकर जलजीवन मिशन कें अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जो ठेकेदार कार्यों में अनावश्यक विलंब कर रहे हैं अथवा समय-सीमा का पालन नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस संदर्भ में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जशपुर को बुद्धा कंस्ट्रक्शन, अजाईल वर्कस और सारथी ऐसासिएट्स को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



पीएचई अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक लेते कलेक्टर।

इसके साथ ही श्री व्यास ने टंकी का फाउण्डेशन कार्य का बरसात के पूर्व पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड का निरीक्षण बढ़ाने पर भी बल दिया, ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके और कार्य प्रगति में भी तेजी आए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जशपुर के कार्यपालन अभियंता श्री समर बहादुर सिंह, विभाग के एसडीओ, इंजीनियर सहित विभिन फर्मों के ठेकेदार मौजूद रहे।

# प्रतापपुर विधायक के देवर की मौत, ट्रैक्टर पलटने से हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

■ ट्रैक्टर के नीचे दबकर तोडा दम, क्षेत्र में शोक का माहौल

रविवार को हादसे में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते के देवर की मौत हो गई। विधायक के देवर सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे इस दौरान टायर के नीचे पत्थर आने से ट्रैक्टर उछलकर पलट गया और इस घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबकर ग्रामीण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इधर विधायक के देवर के निधन की घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना के बाद गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें विधायक समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए।



बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत गाम मुड़यि निवासी विजय बहादुर सिंह प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते के देवर थे। विजय बहादुर सिंह रविवार की सुबह 8 से 9 बजे के बीच अपना ट्रैक्टर लेकर खेती के काम के लिए खेत की ओर जा रहे थे। इस दौरान अचानक ही एक बड़ा पत्थर उन्हें ट्रैक्टर के नीचे आ गया और विजय बहादुर सिंह उछलकर नीचे गिर गये इसके साथ ही ट्रैक्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान विधायक के देवर ट्रैक्टर के नीचे दब गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजन द्वारा उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विधायक के देवर के मौत की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया और बड़ी संख्या में विधायक के समर्थक और परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे थे।

## पेज 1 का शेष

### सरकार बदली और

तो ऐसे में उन्हें पूरा भरोसा था कि अगले कार्यकाल में भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन जाएगी और इसके साथ ही किसानों के ऋण माफ कर दिए जाएंगे और ऋण माफ होने के साथ उनका यह फर्जीवाड़ा अपने आप दब जाएगा। किंतु जब सरकार बदल गई तो इस फर्जीवाड़े की परतें खुलने लगीं।



# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

## लाइफ Style



# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपके बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'




# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

## टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आई हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया कियारा का अपमान

**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है। एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से



नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि कियारा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत कियारा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि कियारा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।

# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ



*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी।*

*सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाईं शानदार फिल्में :*** मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जियाः द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हू। मैं खुद से ये पूछता रहता हू कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया



***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात :*** पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।

## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराई थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल




साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### तान्हाजी और छपाक

2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।



### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान

साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल ने बाजी मारी

**पुसौर।** जिले में स्थापित आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल ग्रुप के केन्द्रीय संस्थान तमनार प्रमुख लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं समिति के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में सभी आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल शिक्षा, संस्कार एवं खेल को लेकर जहां नए नए आयाम सृजित कर रहे हैं। वहीं उन्हें लगातार उसके एवज में प्रतिफल भी मिलते जा रहा है। इससे आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल पुसौर अछुता नहीं है बल्कि ये भी लगभग प्रतिवर्ष टापटेन में अपने छात्रों को लाने में खिताब हासिल कर ली है, साथ ही खेलों में भी इसे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर तमगा मिलते आ रहा है। उक्त स्कूल के केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, स्कूल अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष बैकुण्ठ गुप्ता, प्राचार्य घनश्याम साहू सहित अन्य स्टाफ ने लेकरास प्रतियोगिता के संबंध में बताया कि हमारे यहां के छात्र इस खेल का लगातार अभ्यास दर्राखार स्टेडियम में करते रहे हैं जिन पर हमारे कोच का इस पैनी नजर भी रहती है जिससे कि इनकी चुक प्रायः कम देखे जाते रहे हैं और इनकी ठोस काबिलियत सामने आने के बाद ये राष्ट्रीय लेकरास प्रतियोगिता में शामिल हुए जिसमें सब जूनियर बालक एव सब जूनियर बालिकाएं रहे जिन्हें क्रमशः सिल्वर मेडल एवं ब्रांच मेडल मिला। इस उपलब्धि पर समूचा शाला परिवार गौरान्वित महसूस कर रहा है और एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामना देते हुए खुशी का इजहार कर रहे हैं।

### एनटीपीसी में अखिलेश संभालेंगे कार्यभार

**घरघोड़ा।** आज एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना को नया नेतृत्व मिला है। अखिलेश सिंह ने परियोजना प्रमुख के रूप में



कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने 1993 में एनटीपीसी में अपनी सेवा की शुरुआत की थी और रिहंद, विन्ध्याचल, रायपुर, लारा और बोंगाईगांव सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी सेवाएँ दी हैं। वे पूर्व में एनटीपीसी लारा और असम स्थित एनटीपीसी बोंगाईगांव के भी परियोजना प्रमुख रह चुके हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले श्री सिंह ने बिहार के भागलपुर विश्वविद्यालय से विद्युत अभियांत्रिकी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। उन्हें विद्युत अनुरक्षण इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस ईंधन प्रबंधन तथा संयंत्र संचालन ऑपरेशंस के क्षेत्रों में तीन दशकों से भी अधिक का अनुभव प्राप्त है।

### हितग्राहियों को शिविर में मिला समाधान



**रायगढ़।** सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करनाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचना है। निगम क्षेत्र के 48 वार्डो में से 6 वार्ड के लिए आज वार्ड क्रमांक 01,02,03,04,39,40 के हितग्राहियों के लिए शिविर राजीव नगर सामुदायिक भवन में लगाया गया जिसमें कुल 216 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें महतारी वंदन, राशन कार्ड, पेंशन, सड़क, बिजली, पानी, मकान आदि से संबंधित आवेदन है। आज सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त 563 आवेदनों में से 555 आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को समाधान शिविर के। माध्यम से दी गई।वार्ड क्रमांक 6,7,8,9,10,11,12,13, एवं 20 के जनता के लिए 8 मई को केवड़ाबाड़ी सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# तख्ती लेकर निकले परिवार की अर्जी.. साहब हमें न्याय दो या गोली मरवा दो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस द्वारा ऑटो को आग के हवाले करने वालों पर कार्रवाई नहीं करने से प्रताड़ित एक परिवार हाथों में तख्ती लिए शहर की सड़कों पर निकल गया। तख्ती में लिखा था कि एसपी साहब हमें न्याय दिलाओ या फिर गोली मरवा दो। इस परिवार को शहर में देख एकबारगी राहगीरों के वाहन थम गए। विभाग की किरकरी होने पर रास्ते में ही पीड़ित परिवार को पुलिस ने रोक लिया और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कोतवाली थाना लाया गया।

दरअसल इंदिरा नगर निवासी मानिक दास महंत पेशे से ऑटो चालक है। 27 अप्रैल की रात भी वह ऑटो चला कर घर लौटा और ऑटो को घर के बाहर खड़ी कर दिया। तभी असामाजिक तत्वों ने उसके ऑटो में आग लगा दी। रात करीब 2 बजे घर में धुआं भरने पर घर के सदस्य उठे और देखा तो ऑटो पूरी तरह जल रही थी। आनन-फानन में पीड़ित परिवार द्वारा पानी से ऑटो को बुझाया गया। इसके बाद मानिक दास द्वारा कोतवाली थाना आकर शिकायत की गई। खास बात यह है कि शिकायत के बाद न तो पीड़ित को थाने से पाउती दी गई और न ही इस 8 दिन में कोतवाली थाने की पुलिस पीड़ित के घर जांच पड़ताल के लिए पहुंची। इस बीच पीड़ित ने कई बार थाने जाकर भी रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज होने व आरोपियों के बारे में जानकारी चाही, लेकिन उसे कोई रिस्पांस नहीं मिला। ऐसे में सोमवार को मानिक दास अपने तीन बच्चों व पत्नी के साथ हाथों में तख्ती लिए शहर की सड़कों पर निकल पड़ा। तख्ती में लिखा था कि एसपी साहब हमें न्याय दिलाओ या गोली मरवा दो। यह परिवार न्याय की आस में पैदल-पैदल एसपी ऑफिस जा रहा था। शहर में इस तरह का नजारा देख राहगीरों के वाहनों के पहिए थम गए। सभी रूक कर इस परिवार को देख रहे थे। इसी बीच कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो तत्काल थानेदार ने वाहन भेज कर पीड़ित परिवार को रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिला कर थाना लाया गया।

**खास बातें**

- कोतवाली पुलिस से प्रताड़ित परिवार हाथों में तख्ती लिए शहर में निकला, रास्ते में ही पुलिस ने रोका




**रोजगार बंद हुआ तो खाने के पड़े लाले**

मानिक दास की मानें तो वह ऑटो चला कर ही अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। करीब 10 दिनों से उसका रोजगार ठप्प होने से उसके घर में खाने के लाले पड़ गए हैं। इधर ऑटो फाइनेंस में होने पर बीमा कंपनी द्वारा भी जल्द किश्त नहीं पटाने पर वाहन खींच कर ले जाने की बात कही जा रही है। जिससे पीड़ित परिवार काफी परेशान है।

## चौड़ीकरण से इस मार्ग में जाम से मिलेगी राहत, यातायात व्यवस्था होगी दुरूस्त

# गद्दी से हंडी चौक तक सड़क बनाने नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गद्दी चौक से हंडी चौक तक सड़क बनाने के लिए नगर निगम ने इस मार्ग में अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है। यहां चौड़ीकरण होने से एक ओर जहां यातायात व्यवस्था दुरूस्त होगी वहीं दूसरी ओर हर वक्त लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। नगर निगम के इस अभियान की शहरवासी सराहना कर रहे हैं।

दरअसल शहर के सबसे व्यस्ततम और ट्रैफिक प्रभावित इलाकों में सुमार गद्दी चौक से हंडी चौक तक की सड़क अब चौड़ी होने जा रही है। नगर निगम ने इस दिशा में कार्य करते हुए दुकानों के सामने अवैध कांक्रीट ढांचों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सड़क के चौड़ीकरण होने से वर्षों से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। पहले चरण में निगम अमला द्वारा दुकानों के सामने निकले हुए स्लैब, कांक्रीट प्लेटफार्म सहित अन्य अतिक्रमण को हटाया गया है। वहीं दुकानों के सामने सामान निकालने वालों को भी ऐसा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है।

**स्थानीय दुकानदारों ने किया समर्थन**

सड़क चौड़ीकरण को लेकर पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि स्थानीय व्यापारी इसका विरोध करेंगे, लेकिन स्थिति इसके विपरीत हुआ। अधिकांश दुकानदारों ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि सड़क चौड़ी होती है तो दुकानों में आने-जाने वाले ग्राहकों को सुविधा मिलेगी और व्यापार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**यातायात का दबाव होगा कम**

दरअसल यह मार्ग संकरी होने के कारण अक्सर यहां यातायात का दबाव काफी ज्यादा रहता है। अस्पताल बाजार, कोतवाली व आवासीय क्षेत्रों को जोड़ने वाले इस मार्ग में हमेशा जात की स्थिति निर्मित होती है। चौड़ीकरण के बाद यहां वाहनों की आवाजाही आसान होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम रहेगी। स्थानीय निवासी वर्षों से इस मार्ग पर सुचारू यातायात की मांग करते आ रहे थे, अब उन्हें राहत मिलेगी। चौड़ीकरण से यहां ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी ही नहीं बल्कि यह क्षेत्र और व्यवस्थित और सुरक्षित होगा।



# पुलिस को मदद करने वाले आम लोग होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

जिला पुलिस बल प्रमुख के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन पर सोशल पुलिसिंग के मद्देनजर जिन लोगों द्वारा समाज के अपराधों पर अंकुश लगाने, सकारात्मक सरोकार में मददगार साबित होना पाया जा रहा है, ऐसे लोगों को चिन्हांकित करते हुए जिला पुलिस विभाग उन्हें सम्मानित करने का बीडा उठाया है। इसी कड़ी में बीते दिनांक को पुसौर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने अपने स्टाफ के साथ ऐसे लोगों को सम्मानित किया।

जा न का री अनुसार प्रत्येक माह थाना कार्यालय पुसौर में क्षेत्र के 140 गांवों के कोटवारों का बैठक होता है जिसमें इस बात की जानकारी ली जाती है कि कोई बाहरी व्यक्ति कहीं किराए पर रहता है क्या, गांव में अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण की स्थिति, आपसी झगड़े आदि की स्थिति की जानकारी साझा करते हुए उसे पंजीबद्ध किया जाता है। आयोजित हुए इस बैठक के संपन्न होने के बाद 2 कोटवारों के साथ 1 वरिष्ठ शिक्षक पदमन साव तथा एक स्टाफ नर्स सुजाता प्रधान को प्रशस्ति पत्र देते हुए इनका सम्मान किया। उक्त सम्मान समारोह को लेकर टीआई यादव ने बताया कि प्रत्येक माह सोशल पुलिसिंग के तहत 2 छात्रों, 2 आम नगरिक, 2 कोटवार, 2 स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा 2 शिक्षकों को सम्मानित किया जाना है। इन 10 लोगों में वे ही शामिल होंगे जिन्होंने पुलिस की मदद की हो या मदद करने की ईच्छा रखते हो जिससे कि अपराध पनपने न पाये। वर्तमान स्थिति में स्कूल का अवकाश होने के कारण इस सम्मान समारोह में छात्रों को शामिल नहीं किया जा सका। आगामी समय से लगातार प्रतिमाह उपरोक्तानुसार 10 ऐसे लोगों को सम्मानित किया जायेगा। शिक्षक पदमन साव को सम्मानित करते हुए बताया कि शिक्षक अपने स्कूली कार्य करने के बाद इनका ध्यान अक्सर समाज के लोगो पर होता है इनके सूचना कभी निरर्थक नहीं हो सकती इसलिए शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने वाले डाक्टर नर्स के बिना तो पुलिस का आगे बढता ही नहीं है इसलिए इनका सम्मान किया जा रहा है इस तर्ज पर छात्रों और आम नागरिकों को भी लिया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त समारोह में पुलिस का सहयोग करने के एवज में सुपा के एक नागरिक हंसु अग्रवाल का भी सम्मान किया। हंसु को लेकर टीआई यादव ने बताया कि जब भी एन एच में दुर्घटना होता है इनका सहयोग रहता है जो दुर्घटना ग्रस्त लोगों के साथ साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलती रही है।

- जिला पुलिस की नई पहल

# जामटिकरा स्थित मकान में मिला अवैध लकड़ियों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गढउमरिया के समीप ग्राम जामटिकरा में एक मकान में इमारती लकड़ियों का जखीरा वन अमले ने बरामद किया है।

- मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, काउंटिंग जारी

मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वन अमला मौके पर पहुंचा, जहां सैकड़ों की संख्या में लकड़ियों के लठ्ठे एकत्र कर रखे गए थे। बताया जा रहा है कि इन लकड़ियों को वन से कटवा कर यहां एकत्र कर रखा गया था। जिसका व्यापार किया जाता था। सूत्र बता रहे हैं कि अवैध तरीके से कटाई करने के बाद यहां लकड़ियों को एकत्र किया गया था। यहां लकड़ियों को कटवा कर फर्नीचर के भी निर्माण कर विक्रय किया जाता था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नरेश अग्रवाल नामक युवक से उसकी जमीन को गोदाम के रूप में राजेश मित्तल नामक व्यापारी ने लीज पर लिया था और यहां काफी संख्या में वन से कटाई करने के बाद लकड़ियों को एकत्र कर रखा गया था। जहां अवैध शॉ मिल का संचालन हो रहा था। बताया जा रहा है कि अब तक न तो जमीन का मालिक सामने आया है और न ही व्यापारी। समाचार लिखे जाने तक वन अमले ने अपनी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि लकड़ियों की संख्या काफी अधिक है, ऐसे में इसकी काउंटिंग की जा रही है।



**हुई कार्रवाई**

जामटिकरा में अवैध तरीके से एक मकान मे इमारती लकड़ियों का भण्डारण करते हुए शा मिल का संचालन किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई की गई है।

**लीला पटेल**
**वन परिक्षेत्राधिकारी, रायगढ वन परिक्षेत्र**

# तेज रफ्तार बस पेड़ से टकराई, कई यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ के रैरुमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार यात्री बस पेड़ से टकरा गई। उस वक्त में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। इस घटना में एक दर्जन लोगों को चोट आई है। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई।

- बस में 30 से अधिक लोग थे सवार, धरमजयगढ़ का मामला

दरअसल सोमवार की सुबह सुबह यात्रियों से भरी अन्नपूर्णा गिरी बस कापू से रायगढ़ आने के लिए निकली थी। तभी तेज रफ्तार बस तेजपुर के समीप नोनाईजोर गांव के पास स्थित लाइनपारा बस्ती में अचानक अनियंत्रित होकर एक वृक्ष से जा टकराई। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 30 से 35 यात्री सवार थे। अच्छी बात यह रही कि इस हादसे में कोई जान माल की हानि नहीं हुई, लेकिन करीब एक दर्जन यात्रियों को चोट आई है, जिन्हें धरमजयगढ़ अस्पताल ले जाकर उनका उपचार कराया गया है। वहीं घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**चालकों की नहीं होती जांच**

दरअसल रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग में पहले भी बस हादसे हो चुके हैं। कई बार हादसों की वजह खराब सड़क बताया जाता है, लेकिन चालकों की लापरवाही से भी दुर्घटनाएं होती हैं। यातायात विभाग द्वारा कभी भी बस की रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर कोई अभियान नहीं चलाया जाता। इतना ही नहीं संसाधन होने के बाद भी चालकों के नशे में होने की जांच नहीं की जाती है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है।

## करंट से बच्ची की मौत के बाद शादी की खुशी मातम में बदली

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शादी के टेंट में करंट आने से सात साल की बच्ची उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। दरअसल धरमजयगढ़ के ग्राम सेमीपाली में फिर सिंह राठिया के घर रविवार की दोपहर शादी समारोह चल रहा था। दोपहर करीब दो बजे टेंट के खंभे में अचानक बिजली का करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आने से सात साल की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तुरंत धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह बारात आई थी और सभी समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे, तभी यह हादसा हुआ। धरमजयगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 30 दिवसीय समर कैंप में विविध गतिविधियों में बच्चे ले रहे हिस्सा

**बिलाईगढ़।** विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी पीएलसी बिलाईगढ़ द्वारा ग्रीष्मावकाश में समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप में अभी तक 52 विद्यार्थी पंजीकृत होकर के विभिन्न गतिविधि सीख रहे हैं।

पीएलसी हेड एवं समर कैंप संचालक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष पीएलसी द्वारा समर कैंप का संचालन किया जाता है। इसी के तहत इस वर्ष भी समर कैंप का संचालन विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ के देवांगन सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है। इस समर कैंप में स्पोकन इंग्लिश के अलावा वैदिक गणित, चित्रकला, पेपर क्राफ्ट, नृत्य, मुखौटा निर्माण साहित्यिक गतिविधि कहानी कविता निबंध लेखन, रंगोली, मेहंदी आदि का आयोजन किया गया है इसके साथ ही शासन के महत्वाकांक्षी योजना अंगना म शिक्षा एवं एफ एल एन आधारित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। इस समर कैंप में प्रति दिवस 1 घंटे का स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं उड़ीसा के शिक्षक शेषदेव प्रधान द्वारा लिया जा रहा है। महेत्तर लाल देवांगन द्वारा गणित, विनोद डडसेना द्वारा पेपर क्राफ्ट खिलौना निर्माण, गंगाराम मांझी द्वारा चित्रकला, लोकनाथ तांडेय द्वारा कहानी कविता निबंध लेखन, महादेव जायसवाल और हेमंत साहू द्वारा एफ एल एन एवं अन्य गतिविधियां कराया जा रहा है। बिलाईगढ़ में आयोजित समर कैंप की सराहना पूरे नगर वासी कर रहे है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा इलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन